भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 817

उत्तर देने की तारीख 26 जून, 2019

डाकघरों में रिक्तियां

817. डॉ. उमेश जी. जाधव:
श्री बी.बी. पाटील:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देशभर में डाकघरों में विभिन्न संवर्गों और डाक सेवा विभाग में स्टाफ की कमी है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और संवर्ग-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) सरकार द्वारा उक्त रिक्तियों को शीघ्र भरने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाने का विचार है;
(ग) क्या देश में विभिन्न डाकघरों में उन्नत अवसंरचना नहीं है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

संचार, विधि और न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री रविशंकर प्रसाद)

(क) और (ख): डाक सर्कल-वार और संवर्ग-वार कार्मिकों की संस्वीकृत संख्या तथा रिक्तियों से संबंधित ब्यौरा, संलग्न विवरण में दिया गया है। सेवानिवृत्ति, पदोन्नति, मृत्यु और प्रतिनियुक्ति जैसे कारणों से उत्पन्न रिक्तियों के परिणामस्वरूप स्टाफ की कमी हो रही है। रिक्त पदों को भरने के लिए, विभागीय परीक्षा आयोजित करके, कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से सीधी

भर्ती द्वारा तथा संगत भर्ती नियमों के प्रावधानों के अनुसार अलग-अलग सर्कलों द्वारा समय-समय पर भर्ती की जाती है। इसके अलावा, वरिष्ठता-सह-उपयुक्तता के आधार पर रिक्तियों को भरने के लिए विभागीय पदोन्नति समिति की बैठकें भी नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं। रिक्त पदों को भरने के लिए की जाने वाली भर्ती, एक सतत प्रक्रिया है।

(ग) और (घ): प्रौद्योगिकीय और भौतिक इंफ्रास्ट्रक्चर का उन्नयन एक सतत प्रक्रिया है। सभी विभागीय डाकघर कम्प्यूटरीकृत हैं। अब तक, 23,692 डाकघरों में कोर बैंकिंग समाधान (सीबीएस) तथा डाक जीवन बीमा के लिए 25,573 डाकघरों में कोर बीमा समाधान प्रणाली लागू कर दी गई है। 996 एटीएम को अंतर-प्रचालनीय बनाया गया है। भौतिक इंफ्रास्ट्रक्चर का उन्नयन किए जाने के क्रम में, 202 सोलर पावर पैक का अधिष्ठापन, 252 वर्षा जल संचयन ढांचों का निर्माण, 287 डाकघरों में रैंप और रेल अधिष्ठापन, 2437 प्रसाधनों का निर्माण तथा 4614 डाक कार्यालयों में एलईडी लाइटें लगाने का कार्य संपन्न हो गया है।

26 जून, 2019 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा के अतारांकित प्रश्न सं. 817 के भाग (क) और (ख) के उत्तर के संबंध में विवरणी

डाक सर्कल-वार और संवर्ग-वार कार्मिकों और रिक्तियों की संख्या

सर्कल	बहु-कार्य कर्मचारी		पोस्टमैन/मेलगार्ड		डाक सहायक/छंटाई सहायक	
	संस्वीकृत पद	रिक्त पद	संस्वीकृत पद	रिक्त पद	संस्वीकृत पद	रिक्त पद
आंध्र प्रदेश	1129	242	2391	441	3821	440
असम	1087	473	1035	324	2009	286
बिहार	1891	610	1937	691	4237	558
छत्तीसगढ़	366	118	626	267	939	224
दिल्ली	2734	784	2995	766	4091	804
गुजरात	2474	679	4535	1391	7515	1816
हरियाणा	793	220	947	361	1893	248
हिमाचल प्रदेश	398	97	408	106	1117	146
जम्मू एवं कश्मीर	390	212	344	225	933	264
झारखंड	574	133	974	388	1533	213
कर्नाटक	1700	431	3935	1029	5752	290
केरल	1472	273	2692	653	6497	584
मध्य प्रदेश	1225	392	2087	1049	2967	200
महाराष्ट्र	5788	2806	10065	5185	11215	2843
पूर्वोत्तर	398	114	626	254	664	18
ओडिशा	937	306	1445	178	2966	574
पंजाब	1272	166	1840	424	3812	636
राजस्थान	1326	339	2082	653	3362	435
तमिलनाडु	2920	989	6288	2275	9680	1941
तेलंगाना	719	152	1597	358	2414	275
उत्तर प्रदेश	2969	1267	4887	2328	8767	1977
उत्तराखंड	486	214	737	440	1193	157
पश्चिम बंगाल	4105	843	5519	1162	9959	1784
कुल	37153	11860	59992	20948	97336	16713

सर्कल	निचला चयन ग्रेड/उच्च चयन ग्रेड I & II		पोस्टमास्टर ग्रेड I, II और III		डाक निरीक्षक/ सहायक डाक अधीक्षक	
	संस्वीकृत पद	रिक्त पद	संस्वीकृत पद	रिक्त पद	संस्वीकृत पद	रिक्त पद
आंध्र प्रदेश	1886	921	138	44	237	43
असम	392	223	56	39	98	9
बिहार	1407	316	125	58	210	3
छत्तीसगढ़	494	158	27	7	70	20
दिल्ली	1291	634	62	16	94	0
गुजरात	2375	1145	225	161	231	92
हरियाणा	779	425	53	15	79	17
हिमाचल प्रदेश	557	135	49	15	62	15
जम्मू एवं कश्मीर	318	299	21	9	40	20
झारखंड	689	407	42	15	77	24
कर्नाटक	2469	1230	437	155	255	41
केरल	296	239	196	116	192	37
मध्य प्रदेश	1550	742	95	41	195	40
महाराष्ट्र	4590	3869	418	208	380	71
पूर्वोत्तर	362	98	35	25	43	9
ओडिशा	1410	423	96	36	175	38
पंजाब	321	221	99	50	105	16
राजस्थान	1604	593	90	54	210	33
तमिलनाडु	4353	2223	369	140	346	114
तेलंगाना	1029	719	71	34	136	54
उत्तर प्रदेश	3736	1645	272	115	393	50
उत्तराखंड	559	267	44	19	59	5
पश्चिम बंगाल	866	553	215	140	281	53
कुल	33333	17485	3235	1512	3968	804

*****